श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) : सभापति महोदय, रवीन्द्रनाथ टैगोर ने कहा था कि हमारे मन की मधुमक्खी संसार के सभी उद्यानों में जायेगी, लेकिन अपनी ही रीति से मधु का कोश तैयार करेगी। पिछले तीस सालों में हमने समचे संसार का भ्रमण कर लिया है। क्या मैं यह पूछने का हकदार हूं कि हमने उस मधु को अपने तरीके से तैयार किया है? नहीं तैयार किया है। आज इस बात पर अफ़सोस होता है कि हिन्दुस्तान की पार्लियामैंट, लोक सभा में भी हम अपनी मातृभाषा में नहीं बोल पाते हैं और प्रस्ताव पेश करते हैं कि अंग्रेज़ी को जारी रखा जाये। आज-कल भारत में रशन डेलीगेशन आया हुआ है। वह इस समय देश में भ्रमण कर रहा है। हेगड़े साहब ने हमें अशोका होटल में बुलाया था। आप को सुन कर आश्चर्य होगा कि उस डेलीगेशन का नेता रशन भाषा में बोलता था। वह अंग्रेज़ी नहीं जानता था। हम लोगों ने उनसे पूछा कि क्या आप अंग्रेज़ी जानते हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि मैं अंग्रेज़ी नहीं जानता हूं। जब हेगड़े साहब अंग्रेज़ी में बोलते थे, तो उस का अनुवाद रशन में किया जाता था। इतने पावरफुल डेलीगेशन के सदस्य भी अंग्रेजी नहीं जानते हैं और अपना सारा काम काज रशन में चलाते हैं।

16.2 hrs.

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the chair*]

लेकिन हम लोग इतने निकम्मे हैं कि तीस साल के बाद भी हम चाहते हैं कि अंग्रेज़ी को चलने दिया जाये।

मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि हम लोग हिन्दी को थोपने के समर्थक नहीं हैं। लेकिन हम पूरी दिलेरी के साथ यह मांग करते हैं कि अंग्रेज़ी को तत्काल ख़त्म किया जाये, अंग्रेज़ी को इस देश में नहीं चलने देना चाहिए। अंग्रेज़ी शोषण का हथियार है। दक्षिण के जो लोग अंग्रेज़ी का समर्थन करते हैं, वे दक्षिण के हरिजनों और पिछड़े हुए लोगों के साथ न्याय नहीं कर रहे हैं। आख़िर दक्षिण में भी कितने परसेंट लोग अंग्रेज़ी जानते हैं? दक्षिण भारत में भी अंग्रेज़ी जानने वाले चार पांच फ़ीसदी होंगे--उससे भी कम होंगे। लेकिन शहरों के जिन लोगों को शहरी भाषा, अंग्रेज़ियत, की आदत पड़

गई है, उन के द्वारा यह मांग हो रही है कि अंग्रेजी को जारी रखा जाये, ताकि वे देश पर राज कर सकें।

मैंने एक बार इस सदन में कहा था कि मुझे इस बात पर शर्म आती है कि जब हम सेक्रेटेरियट में किसी को टेलीफ़ोन करते हैं, तो जवाब दिया जाता है कि मैं हिन्दी नहीं जानता हूं। आज यह स्थिति है कि अगर कोई व्यक्ति अंग्रेजी न जाने, तो उसे पार्लियामैंट में आने का अधिकार नहीं है, वह वहां पर अपनी क्षेत्रीय समस्याओं को नहीं रख सकता है। मैं यह नहीं कहता कि हिन्दी को लादा जाये। मैं कहता हूं कि अंग्रेजी को खत्म किया जाये। दक्षिण की एक भाषा को चुना जाये। और दक्षिण की एक भाषा और उत्तर की एक भाषा को कम्पलसरी किया जाये।

दक्षिण में श्री रामास्वामी नायकर जैसे एक से एक नेता पैदा हुए। लेकिन उत्तर भारत में लोग उन का नाम भी नहीं जानते हैं, क्योंकि उन्होंने अपने आप को एक भाषा के घेरे में सीमित रखा। दो भाषाओं को कम्पलसरी किया जाये, तब समान रूप से गंगा बहेगी।

यह मामला शिक्षा मंत्री से भी ताल्लुक रखता है। आज जितने भी आई० ए० एस० और आई० एफ़० एस० आफ़िसर्ज हैं, वे कौन लोग हैं? वे एक ही तबके, एक ही वर्ग के लोग हैं, जिन के पास हजार बीघा जमीन भी है, कल-कारखाना भी चलता है और बड़े ओहदे पर भी बैठे हुए हैं। इस का एक ही कारण है कि वे तमाम अंग्रेजी स्कूल के पढ़े हुए हैं। उन में से एक परसेंट भी ऐसे नहीं होंगे, जो किसी गांव के स्कूल में पढ़े हों। मैं गृह मंत्री जी से मांग करूंगा कि यदि यह मामला एजूकेशन डिपार्टमैंट से भी सम्बन्ध रखता है, तो वह इन लोगों का प्रोटेस्ट, विरोध, शिक्षा मंत्री तक भी पहुंचा दें।

हमने यह कमिट किया है कि—

राष्ट्रपति का बेटा हो या चपरासी की हो संतान,

ब्राह्मण या भंगी का बेटा, सब की शिक्षा समान।

देश भर में एक तरह की शिक्षा चलनी चाहिए। देश में अपनी मातृभाषायें चलें—हिन्दी, उर्दू, बंगला और तेलगु चलें। देश में अपनी भाषायें चलनी चाहिए, अंग्रेजी भाषा नहीं रहनी चाहिए। जो लोग कहते हैं कि अगर देश में अंग्रेजी भाषा नहीं चलेगी तो देश टूट जायेगा उनसे मैं कहना चाहता हूं कि जो लोग देश में अंग्रेजी भाषा चलाना चाहते हैं वे देश को तोड़ना चाहते हैं। इसलिए आजादी के तीस साल के बाद अब हमें सदबुद्धि आनी चाहिए और इस देश के हरिजन तथा तमाम गरीब गुर्बा लोगों के हितों की रक्षा के लिए इस देश से तत्काल अंग्रेजी को खत्म होना चाहिए।

इन शब्दों के साथ जो प्रस्ताव इस सदन में प्रस्तुत किया गया है उसका मैं घोर विरोध करता हूं।

गृह मंत्री (श्री चरण सिंह): उपाध्यक्ष महोदय, आज का जो विषय है, उसमें मैं समझता हूं कोई विवाद है ही नहीं। केन्द्रीय सरकार की जो पहले से नीति चल रही थी, पं० नेहरू के जमाने से, उसको माननीय प्रधान मंत्री जी मेरे साथी और मैं स्वयं एक से अधिक बार दोहरा चुके हैं कि वही नीति इस गवर्नमैंट की है और इसमें कोई अन्तर किसी प्रकार का नहीं है, यहां तक कि इम्फैसिस का भी अन्तर नहीं है। लेकिन फिर भी कुछ लोगों की तरफ से यह प्रचार किया जा रहा है कि जनता

[श्री चरण सिंह]

सरकार दक्खिन के लोगों पर हिन्दी थोपना चाहती है। हो सकता है कि अपना पक्ष समझाने में हमारी तरफ से कोई कमजोरी रही हो लेकिन नीयत की कोई कमी नहीं है, आशय में कोई अन्तर नहीं है। मैं फिर फार्मली, ज़ाब्ते के तौर पर कहना चाहता हूं कि जो पालिसी पहले ज़माने से, पं० नेहरू के ज़माने से इस सम्बन्ध में चली आ रही है, यह गवर्नमैंट भी उस पर कायम है। इसलिए मैं अर्ज करना चाहता हूं कि कोई अकेज़न नहीं था, कोई अवसर नहीं था इस प्रकार के प्रस्ताव को लाने का। वैसे ऐक्ट के जरिए मेरे मित्र जो बात चाहते हैं वह पहले 1967 से लागू हुई है और 1976 में उसके अधीन नियमावली बन गई तो फिर कांस्टीट्यूशन में चेंज करने का क्या मतलब है? वह गैर-जरूरी है और उसकी कोई आवश्यकता नहीं है।

अब रही बात यह कि हिन्दी पर बहुत बल दिया जा रहा है। मुझे माननीय समर गुह के व्याख्यान को सुन कर बड़ा ताज्जुब हुआ। कोई भी राष्ट्र हो, उसमें आम तौर पर एक ही भाषा रहती है। सिर्फ कनाडा ऐसा एक मुल्क है जिसमें दो भाषायें हैं — फ्रेंच और इंग्लिश। इसी भाषा के आधार पर अब वहां फ्रांसीसी लोगों की तरफ से मतालबा है कि जिस इलाके में वे हुए बसे हैं वह एक अलाहिदा मुल्क बना दिया जाये। इसके अलावा सभी देशों में एक ही राष्ट्र भाषा है। हमारे देश की यह बदकिस्मती रही है कि सैकड़ों वर्षों से हम छोटे छोटे टुकड़ों में बटे रहे हैं। महाराज अशोक के काल को छोड़ कर और औरंगज़ेब के कुछ काल को छोड़ कर हमारा मुल्क छोटी छोटी इकाइयों में विभक्त रहा है। अपने राष्ट्र के लोगों को एक दूसरे से अलाहिदा करने के तीन कारण रहे हैं --धर्म, भाषा और बिरादरी। हम लोगों में अपने धर्म से उठ कर राष्ट्रीयता का जो भाग पैदा होना चाहिए था, मुझे अफसोस के साथ मानना पड़ता है कि हम उसको पैदा नहीं कर पाये। नतीजा यह हुआ कि देश की तक्सीम हो गई। धर्म का जो भाव पैदा हुआ उसने अपनी कीमत चुका ली। लेकिन अभी भी एक भाई को दूसरे भाई से अलाहिदा करने के दो कारण मौजूद हैं--भाषा और बिरादरी। बिरादरी धीरे धीरे कम होनी चाहिए थी। अंग्रेज़ों के ज़माने में भी हम लोग बिरादरियों में बटे हुए थे लेकिन चूंकि एक दुश्मन सामने था इसलिए बिरादरी की भावना से ऊपर उठकर लगभग सभी लोगों ने, 90 बल्कि 99 प्रतिशत लोगों ने कांग्रेस के झंडे के नीचे काम किया। मुझे मालूम है, उस वक्त कोई साथी दूसरे साथी से बिरादरी पूछने का साहस नहीं करता था, बल्कि इस की ज़रूरत महसूस नहीं करता था। उसके बाद स्वराज्य आया, वोटिंग शुरू हुए, फ्रैन्चाइज़ हुआ, हर बालिग आदमी को मताधिकार मिला और वोटिंग के वक्त, इलैक्शन के वक्त बिरादरी का सहारा लिया गया, इस के लिए हम सभी बराबर के दोषी हैं। इसी तरह से सर्विसिज़ की होड़ में भी बिरादरी के नाम पर नौकरियां हासिल करने या अपनी डिमाण्डस नौकरी के लिए पेश करने की बात शुरू हुई। नतीजा यह हुआ कि कास्ट सिस्टम, जो स्वराज्य आने के बाद मिटना चाहिए था, ज्यादा प्रबल हो गया। इस से ज्यादा शर्म की बात हमारे देश के लिए और कोई नहीं हो सकती है। हम में से बहुत से लोग, सब तो नहीं, किसी भी दूसरे आदमी की योग्यता और अयोग्यता उस की बिरादरी से नापते हैं, उस की मैरिट्स से नहीं। असेम्बली, पार्लियामेण्ट जिला बोर्ड, पंचायत वगैरह के इलैक्शन में बिरादरी हम लोगों के सामने आती है और अगर एक ही बिरादरी के दो कैण्डीडेट्स एक-दूसरे के खिलाफ़ खड़े हों, तो गोत्र के बल पर वोट्स मांगे जाते हैं। तो मेरे कहने का मकसद है कि यह बिरादरी मिटनी चाहिए थी, लेकिन मिटा नहीं पाये। यह

कैसे मिट सकती है ? इस के बारे में मेरे अपने कुछ विचार हैं, लेकिन इस वक्त उन को अर्ज करने का मौका नहीं है ।

इस वक्त हमारे सामने भाषा का सवाल है । हिन्दी का हमारे फाउण्डिंग-फादर्स ने स्वीकार किया, इसलिए नहीं कि बंगला या तामिल भाषा का साहित्य ऊंचा नहीं है, ऐसी बात हरगिज नहीं है, हमारे लीडर्स ने हमेशा इस बात को कहा है कि ऐसी बात नहीं है । लेकिन इस बात से कोई इन्कार नहीं कर सकता कि हिन्दी भाषा को बोलने और समझने वालों की संख्या बनिस्बत दूसरी भाषाओं के देश में ज्यादा है और जब ऐसी बात है, जो कि निर्विवाद है, तो अगर हम को देश के लिए कोई भाषा आफिशियल लैंग्वेज बनानी हो, तो मैं अपने दोस्तों से पूछना चाहता हूं—वह कौन सी भाषा हो सकती है, सिवाय हिन्दी के ? इसीलिए उस समय इस को स्वीकार किया गया था । मैं फिर इस बात को दोहराना चाहता हूं—हमारे पुरखों ने, एक पीढ़ी पहले, शायद मेरे लिए नहीं, लेकिन मेरे बहुत से साथियों के लिए, जो पुरखे हमारे फाउण्डिंग फादर्स थे, उन्होंने जब कांस्टीचूशन बनाया, तो अनेक बार उन्होंने कहा है कि हिन्दी को केवल इस लिए एक्सप्ट किया जा रहा है, क्योंकि सब से ज्यादा लोग इस को देश में समझने वाले हैं ।

दूसरी बात यह समझने की है कि क्या अंग्रेजी हमेशा यहां कायम रहेगी ? चीन आजाद हुआ, एक-दम चाइनीज उनकी आफिशियल लैंग्वेज बन गई । उन का सारा काम उसी भाषा में होता है । जापानी लोग हैं—जहां तक वैज्ञानिक विकास का ताल्लुक है, वैज्ञानिक प्रगति का सम्बन्ध है, किसी से पीछे नहीं है । हो सकता है—उन्होंने टैक्नीकल टर्म्ज (तकनीकी शब्द) यूरोपियन भाषाओं से लिए हों, लेकिन आज उन की वैज्ञानिक शिक्षा भी उन्हीं की भाषा में होती है । इसलिए अगर इस मुल्क का हम को सुधार करना है, तो आज नहीं कल, कल नहीं परसों, हम को एक भाषा, कम से कम केन्द्रीय स्तर पर लानी होगी, ऐसे तमाम कामों के लिए जिन का वास्ता सारे देश से पड़ता है, उन को चलाने के लिए हम को एक भाषा रखनी होगी । इसलिए जो लोग आज यह कहते हैं कि हिन्दी हो, हिन्दी हो, उन का मतलब केवल इतना ही है । इस से आगे अगर उन का कोई मतलब है, तो गवर्नमेण्ट उससे सहमत नहीं है ।

यहां पर पहले रोज मेरे एक मित्र ने कहा—मुझ को मालूम हुआ है—कि दक्षिण के प्रदेशों की गवर्नमेंट्स के साथ जो पत्र-व्यवहार होता है, केन्द्र की तरफ़ से, उन्हें हिन्दी में पत्र भेजते हैं, हिन्दी में पत्राचार करते हैं। यहां से सर्कुलर्स, रूल्स, आर्डर्ज या इनक्टमेण्ट्स की जो कापियां जाती हैं, वे हिन्दी में जाती हैं । ऐसी बात नहीं है, वे अंग्रेजी में जाती हैं । अगर किसी प्रदेश के साथ केन्द्र का पत्राचार होता है, कारस्पोंडेंस होती है, तो वह अंग्रेजी के जरिये होती है । लेकिन अगर बहुत से प्रदेशों के साथ उस चीज का वास्ता होता है तो वह अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में होती है । ऐसा सभी कार्यालयों में हो रहा है, एल० आई० सी० और रेल्वे डिपार्टमेण्ट हो या कोई भी डिपार्टमेण्ट हो । उस रोज मित्रों ने जो आशंका प्रकट की, तो मैंने दफ्तरों से मालूम किया, तो मुझे बताया गया कि हमारी तरफ़ से ऐसे कोई आदेश नहीं हैं कि केवल हिन्दी में भेजे जांय । हिन्दी और इंगलिश दोनों के लिए आदेश हैं । यहां से जितने आदेश और जितने पत्र जाते हैं, वे दोनों भाषाओं में जाते हैं । अगर कहीं ग़लती हो गई हो, तो माननीय मित्र मुझे बतलाएं । वह ठीक हो जाएगी लेकिन हम को यह मालूम है कि अभी तक इस

[श्री चरण सिंह]

सिलसिले में कोई ग़लती हो नहीं रही है ।

अब मेरी बाबत कहा गया कि मैंने इंकार कर दिया अंग्रेज़ी में बोलने से । पहली बात तो यह है कि मैं 22 जनवरी को बंगलौर गया था और यह बंगलौर की घटना है । मैं वहां पर डेढ़ घण्टे तक, बल्कि सौ मिनट तक चेम्बर्स आफ़ कामर्स की मीटिंग में अंग्रेज़ी में बोला और वर्कर्स की मीटिंग में भी दो घण्टे तक अंग्रेज़ी में बोला, लेकिन वह मीटिंग एक सेलेक्टेड इण्डिविजुअल्स की मीटिंग थी । जहां तक **मास** मीटिंग का सवाल है, मैं नहीं समझता, मेरे से तो सभी ज्यादा काबिल लोग यहां पर बैठे हुए हैं, कि **मास** मीटिंग में इंगलिश में वह लेहजा आ सकता है जो जनता समझ लेतीं हो । मैं ऐसा नहीं समझता । तो इसलिए मैंने यह कहा कि मैं हिन्दी में बोलुंगा और उस का तरजुमा श्री वीरेन्द्र पाटिल करेंगे । जब ऐसा हुआ तो थोड़े से ऊधर से कुछ लड़कों ने कहा, "इंगलिश, इंगलिश" । मैंने उन से कहा कि जब आप ऐसी बात कहते हैं तो इस का मतलब यह हुआ कि जो आदमी इंगलिश नहीं जानता है, वह यहां पर पब्लिक लाईफ में नहीं रहेगा । मैंने उन लोगों से यह भी कहा कि अगर आप बिहार जाएं और बिहार में लोग हिन्दी जानते हैं और अंग्रेज़ी सब लोग नहीं जानते,—वहां पर देहात और शहर के कितने लोग अंग्रेज़ी जानते हैं—और वहां पर आप अंग्रेज़ी में बोलें तो सुनने वाले लोग उस को समझेंगे नहीं और हिन्दी आप जानते नहीं हैं तो क्या रास्ता होगा ? इस के लिए रास्ता यही होगा कि आप अपनी भाषा में बोलें और जो दूसरा आदमी है, वह उसका तरजुमा वहां की भाषा में कर दे । अब यह कहा गया कि मेरे हिन्दी में भाषण करने से वहां के लोग नाराज़ हो गये । ग़ालिबन यह ठीक नहीं है क्योंकि बंगलौर में जो लोक सभा की 6 सीटें हैं, उन सब सीटों पर जनता पार्टी जीती । अगर लोग नाराज़ हो गये होते, तो ऐसी बात क्यों होती । कर्नाटक में बीजापुर, धारवाड़, रायचूर, होस्पेट आदि जगहों पर मैंने 12 भाषण दिये और उन 12 भाषणों में 7 में नहीं बल्कि 8 पब्लिक मीटिंग्स में श्री वीरेन्द्र पाटिल ने मुझ से यहां कहा कि आप हिन्दी में बोलिये । ये जो इलाके हैं ये पहले निज़ाम की डोमीनियन में थे या महाराष्ट्र में थे और वैसे तो वहां की भाषा कन्नड़ थी जोकि उन को मदर टंग थी, लेकिन वे लोग हिन्दी भी अच्छी तरह से समझ सकते थे । यही बात आन्ध्र प्रदेश के एक-तिहाई हिस्से की है, जो कि निजामाबाद में है । वहां पर मुझसे कहा गया कि आप हिन्दी में बोलिये और उस का तरजुमे करने की कोई जरूरत नहीं है, तेलगु में उस का तरजुमा करने की कोई जरूरत नहीं है । तो मेरे साथियों का यह कहना कि क्योंकि मैं अंग्रेज़ी में नहीं बोल सका, इसलिए मैं दक्षिण की भाषाओं का दुश्मन हूं, उन का विरोधी हूं, यह कौन सा तर्क है ? यह तो मेरी नाकाबलियत रही लेकिन इस का मतलब यह नहीं है कि गवर्नमेंट तमिल या तेलगु या जो दक्षिण के मेरे दूसरे दोस्तों की भाषाएं हैं, उन के विरुद्ध है या उन का विकास नहीं चाहती है । हम सब का बराबर विकास चाहते हैं । इसीलिए अपने दोस्तों की भावनाओं का आदर रखने के लिए हमने हिन्दी को नेशनल लैंगुएज नहीं कहा है, केवल उस को राज भाषा कहा जा रहा है लेकिन मैं अपने दोस्तों से जो हिन्दी के नाम पर चिरागपा हो जाते हैं, यह जानना चाहता हूं कि आखिर अंग्रेज़ी कब तक 'बराबर भाषा' रहेगी ? नहीं रहेगी । महात्मा जी के जमाने में अगर मद्रास में कोई मीटिंग होती थी, कर्नाटक में होती थी या केरल में होती थी, तो सारे लीडर हिन्दी में वहां पर बोलते थे और हिन्दी में बोलने की कोशिश करते थे । हिन्दी बहुत सरल भाषा है और तीन महीने

के अन्दर बड़ी अच्छी तरह से आ सकती है लेकिन आए या न आए और सीखें या न सीखें, गवर्नमेंट की तरफ़ से कोई दबाव, कोई प्रेसर, कोई रुकावट किसी प्रकार की भी नहीं है। इसलिए बार बार इस चीज़ को जारी रखना, इस के लिए मैं यह कहूंगा कि यह लोगों के नेरो फीलिंग्स को अपील करना है। आखिर हम सब मिल कर नेशन को बनाना चाहते हैं और कन्ट्री हम सब का एक ही है। हिन्दी के बारे में जो गवर्नमेंट की नीति है, उस को बहुत बार हम ने क्लियर कर दिया है। हमेशा यही सवाल उठता है। तो मैं बहुत मोहबाना, विनय और अनुनय के साथ यह कहना चाहत हूं कि इस प्रश्न को उठाने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि हमारी नीयत खराब नहीं है। हजार बार हम कह चुके हैं, बाहर कह चुके हैं और यहां कह चुके हैं कि पहली नीति में और हमारी नीति में कोई अन्तर नहीं है लेकिन साथ ही मैं यह अर्ज करूंगा कि यह समझना कि हिन्दी का इम्पोजीशन हो रहा है, ठीक नहीं है। इम्पोजिशन कौन कर रहा है? कोई नहीं कर रहा है। जब अंग्रेज़ी की तारीफ की जाती है तो उस से यह मालूम होता है कि तारीफ करने वालों को अंग्रेज़ी पसंद है ब-मुकाबले हिन्दी के। माननीय लोहिया साहब कहा करते थे कि अगर अंग्रेज़ी के बजाय आप तमिल में बोलें, तेलगू में बोलें तो बात समझ में आ सकती है लेकिन आप अंग्रेज़ी में बोलेंगे और हिन्दी को गाली देंगे तो यह हक आपको हासिल नहीं है। अपनी भाषा में बोल कर भी हिन्दी को गाली देना समझ में नहीं आता है। हिन्दी के मुकाबले अंग्रेज़ी की तारीफ की जाय, यह हमारे स्वाभिमान और पेट्रोटिज्म का तकाजा नहीं है। अभी इधर के हमारे एक मित्र कह रहे थे कि सच्चाई यह है कि हमारे यहां से जो एम्बेसेडर्स मास्को, अमेरिका या दूसरे मुल्कों में जाते हैं तो वे अपने क्रिडेंशयल अंग्रेज़ी में पेश करते हैं वहां के लोगों को अफसोस और ताज्जुब होता है कि एक यह भी रेस है कि इसका कोई अपनापन और अभिमान नहीं है। वियतनाम के लोग यहां आयें। वे अपनी भाषा में बोले। लेकिन हमारे भाई बाहर जायेंगे तो अंग्रेज़ी में बोलेंगे और अपने देश में भी अंग्रेज़ी में बोलेंगे। कभी हमारे मन में यह विचार नहीं आता कि क्या यह उचित है? कोई देश ऐसा नहीं है जिसमें अपनेपन का स्वाभिमान या अभिमान न हो।

इन शब्दों के साथ मैं अपने माननीय मित्रों से यह कहना चाहता हूं कि रोज यहां जोर से चिल्लाना, एक दूसरे को कड़वी बात कहनां और कड़वी बात सुनना अच्छा नहीं है। यह बात मैं दोनों तरफ के लोगों से कहता हूं। हम इतने बड़े देश के नुमाइन्दे हो कर यहां बैठे हैं। इतने बड़े देश के नुमाइन्दे होने में हमारी बड़ी इज्जत है। हमें यह सोचना चाहिए कि इन सब बातों का क्या प्रभाव पड़ता है, क्या इम्प्रेशन पड़ता है? हम हिन्दी और अंग्रेज़ी के नाम पर झगड़ें, इस पर दूसरे लोग क्या कहेंगे, यह हमें सोचना चाहिए। हम आपस में बैठ कर तय कर लें और जो पास करना हो पास कर लिया जाए। लेकिन यहां बैठ कर अंग्रेज़ी के मुकाबले में हिन्दी को पूह पूह करना, यह बात समझ में नहीं आती है।

इन शब्दों के साथ मैं अपने कथन को समाप्त करता हूं। यह कोई ऐसा मजमून भी नहीं है जिस पर कोई लम्बा-चौड़ा भाषण दिया जा सके। मैं आशा करता हूं कि मेरे मित्र मुझे से सहमत होंगे कि कम से कम इस विषय पर संविधान में कोई संशोधन करने की आवश्यकता नहीं है।

SHRI S. D. SOMASUNDARAM (Thanjavur): Mr. Deputy-Speaker, Sir, on the language issue most of the

[Shri S. D. SomasundaRam]

members spoke from all the sides suporting my resolution directly or indirectly. Some of the members or a few of the members of the Janata Party are oposing my resolution beccuase they are sitting on the other side. If they happen to sit on this side, they will also be supporting my resolution. Some Members who spoke said that English was a foreign language. One member from this side, Mr. Unnikrishnan had already replied that English was not a foreign language. English is the mother tongue of the Anglo-Indians. If they are citizens of this country, and if the mother tongue of those people is English, how can the mother tongue of an Anglo-Indian be a foreign language ? Further we see the world through English; We get all the advantages of modern science through English. Then how can we say that it is a foreign language ? Some Members from the other side said that if we demand for English language then we are not Indians, we are not patriots.

I want to bring it to your kind notice that late Thiru Subhas Chandra Bose, when he was the President of Indian National Congress, pleaded strongly for the use of the Roman script for all Indian languages. I would like to know wheher he was a patriot or not. There is another instance. Our late Prime Minister Pandit Jawaharlal Nehru sent the Hindi invitation for his daughter's marriage in the Roman script. was he not a patriot ?

In both the Houses of Parliament and outside the Prime Minister, Thiru Morarji Desai and also the Home Minister have been assuring that they would not impose Hindi on the non-Hindi speaking people. A few days back also at Coimbatore in Janata Party Conference, the Prime Minister declared that Hindi will not be imposed or enforced by compulsion. I am very happy about it and the non-Hindi speaking people are also happy about it. Here also, most of the Members on the other side have said that they are not imposing Hindi on non-Hindi speaking people.

There is one Official language Implementation Committee in the Ministry of Civil Aviation and Tourism and they have considered that Hindi should be made more and more use of for their noting and drafting. There is one thing more. The Committee created the post of director in the scale of pay 1500—2000 for effective implemenation of Hindi. Is this not imposition of Hindi ? This is a systematic attempt to eliminate the use of English which will put the non-Hindi knowing people to much hardship and humiliation. Not only that, in future the non-Hindi speaking people cannot hope to get jobs in air India and in the department of Tourism and Civil Aviation unless they know Hindi. Is this not imposition of Hindi ?

In most of the post offices, when we want telegram forms, they will give only Hindi forms. English telegram forms are not available. Even in the Parliament House, we cannot get English telegram forms on most of the days. On Eleventh of this month, I went to the post office in the Parliament House and I wanted to get a telegram form in English, but only Hindi form was available there. It is not Imposition of Hindi ? In English newspapers, they will give most of the Government advertisements only in Hindi. Is it not imposition of Hindi.

According to the present procedure that is prevalent in the Parliament, we can get the actual proceedings and copies of debates only in English and Hindi and we are not supplied with English translation copies and we can get only in English and Hindi. Is this not imposition of Hindi on non-Hindi people ? Though we have been studying English for the past two centuries and more, it has not killed anyone of our regional languages. On the contrary, every one of the regional languages of India has developed, improved and enriched.

Is it possible to translate all the works into Hindi ? We cannot translate all the English works in Hindi. It will take at least a century or more. People in each State have their own regional language rich in heritage and capable of administering according to local requirements. English, which is an international language can still be a link for the purpose of our Inter-State and Centre-State relationships. There is no point it overburdening the student with a third language as if he has nothing else to learn except languages in the modern age of science and technology.

We, the non-Hindi speaking people are constrained to feel that the language policy of the Janata Government is designed to help only the Hindi-speaking people at the cost of others. If there is to be equlity amohg the people, the official language should necessarily be a nerural language which has to be learnt by one and all sharing its advantages and disadvantages equally.

During the discussion, one member from West Bengal, Thiru Saugata Roy, said that India is not a country but is a multi-nation. It is not only a multi-nation but it has multi-languages. He also expressed that Bangladesh was born only of language issue and also gave

caution for Indian unity. We give the cautionary word. Always the cautionary word is followed by the commanding word. Today we also give a cautionary word here. In future, thousands of people will give the commanding words. The country is facing an extraordinary situation because of the language issue. Hindi is one of the national languages. Hindi is now given the status of link language of the country. I consider that as a discrimination among the national languages. I further demand that Hindi should not be given link language status. I demand that the Constitution should be so amended as to maintain English as a link language and give chance to Bengali, Tamil, Telugu, Hindi and other suitable languages to develop themselves for becoming associate link language in due course.

In Bihar, they learn only the mother-tongue Hindi, Second language Sanskrit, and third language English. In Haryana—Hindi, Sanskrit and English; in Himachal Pradesh—Hindi, English and Urdu; in Madhya Pradesh—Hindi, Sanskrit and English; in Rajasthan—Hindi, Sanskrit and English; in Uttar Pradesh—Hindi, English and Sanskrit. In all the Hindi-speaking States they are learning only their mother-tongue and Sanskrit. Sanskrit is also in the same family of Hindi. I want to know whether they are following three language formula? They learn only two languages.

I have with me the questionnaire of the "Committee of Parliament on Official Language." It is better to put the title as "Committee of Parliament, not on Official Language, but on Hindi Language." I want to read one or two questions from this questionnaire. One question is : "What are your views about the progress made in the use of Hindi in the followihg fields—Administration and others?" There is another question whidh says : "It has been stated that one main reason why the translation work is not done in the Ministries/Departments and lacks communicative quality is that the staff engaged in this work are not properly trained. Do you agree with this view?" My answer is that it is not the fault of the staff, but it is the fault of the language itself.

There is another question : "Are you satisfied with the quantum of financial aid being given to the Voluntary Organisations doing work relating to the propagation and development of Hindi?" My answer is that the quantity of financial aid so far grante is itself a colossal waste. In the same way all the arrangements for Hindi which you are making are a colossal waste.

Lastly, I request every Member of the House to forget for the moment about his Party affiliation. Please think about the country, about the welfare of the people about the advancement of economics and science and technology and support my Resolution.

Once again I request the Members to support my Resolution not for myself, but for the country, for the integration of the country and for the welfare of the nation.

The Home Minister in his reply said that the Hindi-speaking people are more in number than other people. But I want to tell the House that the Hindi-speaking people are concentrated in one area, in one region. They are not spread throughout the length and breadth of India. They are concentrated at one place. From the satistics, I can tell that if we make a comparative study of the Hindi-speaking people, and the English-speaking people including both speaking and writing, we can find that the English-speaking people are more than the Hindi-speaking people and they are spread throughout the length and breadth of India. Therefore, I request that English should be the continuous link language.

Another point is that we want the constitutional amendment. I want to ask the Home Minister, what is wrong in having a Constitution amendment for making English a link language as long as the non-Hindi-speaking people want ? I request you all including the Hindi-speaking people to support it.

17 hrs.

MR. DEPUTY-SPEAKER : We have two amendments. One is by Mr. O. P. Tyagi. He is not here. I have to put it.

The question is :

That in the resolution,—

omit "to amend the Constitution so as" (1)

The motion was negatived.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Now, Dr. Ramji Singh's amendment.

The question is:

That in the resolution,—

for—

"to amend the Constitution so as to implement Pandit Nehru's solemn assurance to Parliament

[Mr. Deputy-Speaker]

> that besides Hindi being the link language, English would continue as additional link language so long as non-Hindi speaking people want it."

substitute—

> "to implement the Constitutional provisions regarding the national language and see that the interests of other national languages of India do not suffer on account of over-lordship of English which is spoken only by 2 or 3 per cent. people."(2)

The motion as negatived.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Now the main resolution. Mr. Somasundraam, do you want to withdraw it ?

SHRI S. D. SOMASUNDARAM : I am not withdrawing it.

AN HON. MEMBER : Let the Home Minister give an assurance.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Does the hon. Member want to withdraw it ? He does not seem to be in a mood to withdraw it.

The question is:

> "This House do urge upon the Government to amend the Constitution so as to implement Pandit Nehru's solemn assurance to Parliament that, besides Hindi being the link language, English would continue as additional link language so long as non-Hindi speaking people want it."

The motion was negatived.

17·04 hrs

RESOLUTION *RE* SETTING UP OF NETAJI NATIONAL ACADEMY

SHRI SAMAR GUHA (Contai): I beg to move:

> "This House recommends to the Government that, in patriotic recognition of the fundamental contributions made by Netaji Subhas Chandra Bose, in thought and action, towards achieving independence of undivided India and evolution of ideological concept of our national reconstruction, an Institute of all India importance named as 'Netaji National Academy', be set up by the Government within a year for making specialised and advance studies on subjects, in which Netaji evinced keen interest, like,—(i) advance Military Science, (ii) modern socio-economic and political ideologies relevant to the objectives of Indian national reconstruction, (iii) concept of Indian national planning, (iv) perspective and problems of Indian national integration, (v) history of revolutionary movements for Indian independence and (vi) mission of Indian culture and civilisation towards achieving amity and understanding among the people of the world."

Mr. Deputy-Speaker, Sir, it may appear as surprising to some of my friends why, whenever I get an opportunity for either moving a resolution or any kind of an opportunity of introducing something of my own in this House, I always try to take advantage of it, for projecting the image and ideology of Netaji Subhas Chandra Bose. My answer to this question is, as I have already explained to this House on various occasions—and I want to reiterate it—that in the achievement of Indian independence, fundamental contributions have been made only by two great personalities, viz. Mahatma Gandhi and Netaji Subhas Chandra Bose.

It is not only in regard to the achievement of the objective of Indian independence that they have made fundamental contribution, but even in regard to the evolution of national ideologies of India, Mahatma Gandhi and Netaji Subhas Chandra Bose have made fundamental and original contribution. But, very unfortunately, for reasons of parochialism, for reasons of rivalry among the leaders, contemporary leaders of our national struggle, deliberate attempts have been made to shut out the image of Netaji, to black out the contribution of Netaji, and to create an impression, what to speak of having any fundamental contribution to Indian freedom or to the concept of Indian national ideology, as if Netaji was nothing but a leader of second-rate importance.

When I entered in this Parliament, from the very day of my maiden speech, when I spoke exclusively on Netaji and Netaji alone, I was surprised the next day to find the wide publicity the maiden speech of a member received all over the country.

I do not know how many new members of this House have had the experience of their speeches being editorially commented on, not by one paper but by innumerable papers all over the country. Why was it so? Even though it was the maiden speech of a new member, it was so because the country felt, the people of India felt that a conspiracy, deliberate conspiracy was continued to black out the image of one of the great sons, nay, one of the great-